राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–268/2023

राज्यपाल ने डॉ० राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया

पटना, 12 अक्टूबर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने महान समाजवादी नेता स्व० डॉ० राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में लोहिया नगर, कंकड़बाग, पटना के लोहिया उद्यान में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, अन्य मंत्रीगण एवं गणमान्य लोगों ने भी स्व० डॉ० लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन व देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की प्रस्तुति भी हुई।

....